आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–28 सितम्बर 2024 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि हाल ही में हुई वन रैंक, वन पेंशन की समीक्षा से सेना के जवानों के परिवारों को और अधिक धनराशि मिल सकेगी। जम्मू की एक चुनावी रैली में उन्होंने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभी तक फौजी परिवारों को इस योजना से एक लाख बीस हजार करोड रुपए से अधिक की धनराशि मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि वर्ष दो हजार चौदह में केंद्र में उनकी सरकार बनने के बाद ही यह योजना लागू की गई थी।

****

प्रदेश को कल से भारी बारिश से राहत मिल सकेगी, हांलाकि हल्की वर्षा अभी भी आगामी तीन दिनों तक जारी रह सकती है। मौसम वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने आकाशवाणी को बताया कि प्रदेश में अब भारी बारिश नहीं होगी।

इस बीच, पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर और इसके आसपास के जिलों में आज दोपहर बाद तेज बारिश से थोड़ी देर के लिए लोगों को राहत मिली। बीते दो दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ है । जिला प्रशासन के निर्देश पर प्रदेश के कई जिलों में आज बारिश के कारण स्कूल कॉलेज बंद रहे। कई जिलों में नदियों का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

नेपाल की पहाड़ियों में भारी वर्षा होने और वाल्मीकि नगर बैराज से लागातार पानी छोड़े जाने के कारण कुशीनगर जिले की बूढ़ी गण्डक नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया है। इससे दर्जनभर गांवों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। ये नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। भारत से सटे नेपाल की पहाड़ियों पर हो रही वर्षा से बलरामपुर जिले में राप्ती नदी का जलस्तर भी बढ़ा है। इसे देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा सभी बाढ़ चौकियों को अलर्ट कर दिया गया है।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल मल्टीनेशनल ब्रांड पेप्सिको की फ्रेंचाइजी वरुण ब्रेवरेज की यूनिट का गोरखपुर में उद्घाटन करेंगे। यह इकाई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट दो हजार तेईस के बाद अब तक गीडा क्षेत्र में दो हजार सात सौ सड़सठ करोड़ रुपये के धरातल पर उतर चुके निवेश प्रस्ताव का हिस्सा है। इन प्रस्तावों के जरिये चार हजार तीन सौ उन्नीस लोगों को रोजगार भी मिल चुका है। मुख्यमंत्री कल ही गीता वाटिका में हनुमान प्रसाद पोद्दार की एक सौ बत्तीसवीं जयंती समारोह के श्रद्धार्चन कार्यक्रम में भी शामिल होंगे।

****

भारतीय रेलवे आगामी त्योहारों को देखते हुए पहली अक्टूबर से तीस नवंबर के बीच देश भर में छह हजार से अधिक विशेष ट्रेनें चलाएगा। रेलवे हर साल लाखों यात्रियों की यात्रा सुगम बनाने के लिए त्योहारों के मौसम में विशेष ट्रेनें चलाता है। पिछले साल इस सीजन में चार हजार चार सौ उन्तीस स्पेशल ट्रेन चलाई गई थीं।

****

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत कुशीनगर जिले के नगर पंचायत सुकरौली में सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान भारी वर्षा के बीच सफाई मित्रों ने अपने सामान्य कार्यो के साथ एक सौ पचपन घण्टे लगातार सफाई की और लोगों को जलभराव से मुक्ति दिलाई।

****

कानपुर में चल रहा भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरा तथा अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच आज दूसरे दिन भी बारिश के कारण बाधित हो गया। इस मैच में बांग्लादेश ने पहली पारी में अब तक तीन विकेट पर एक सौ सात रन बनाए हैं। मैच के पहले दिन कल सिर्फ पैंतीस ओवर का ही खेल हुआ था। दो क्रिकेट टेस्ट मैचों की श्रृंखला में भारत एक–शून्य से आगे है।

****

उड़ीसा राज्य के बालासोर जिले में बीती रात प्रदेश के बलरामपुर जिले के तीर्थयात्रियों की एक बस पलट जाने से दो यात्रियों की मौत हो गई, जबकि दस यात्री घायल हैं। यह सभी यात्री उड़ीसा राज्य से बाबा भुवनेश्वर नाथ की यात्रा से लौट रहे थे । घटना के दोनों मृतक और नौ घायल बलरामपुर जिले के थाना गौरा चौराहा क्षेत्र के हैं, जबकि एक घायल थाना पचपेड़वा का निवासी है। सिद्धार्थनगर जिले के डुमरियागंज से यह बस तीर्थस्थलों का भ्रमण कराने के लिए गई थी।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अमर शहीद भगत सिंह को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा है कि वह एक ऐसे अमर स्वतंत्रता सेनानी हैं जिन्होंने मातृभूमि के सम्मान की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी।

****

आज स्वर कोकिला भारत रत्न स्वर्गीय लता मंगेशकर की जयंती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें श्रद्धांजलि दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा है कि लता मंगेशकर ने अपने स्वर और सुरों से भारतीय संगीत को नई ऊंचाइयां प्रदान कीं। संगीत जगत सदैव उनका ऋणी रहेगा।

****

महराजा अग्रसेन की पांच हजार एक सौ उन्चासवीं जयंती सप्ताह एवं समिति की स्थापना दिवस का नब्बेवां वर्षगांठ समारोह कल से मिर्जापुर जिले में शुरू होगा। इसके तहत विविध आयोजन किये जाएंगे। इसी कड़ी में तीन अक्तूबर को महराजा अग्रसेन और कुल देवी मां महालक्ष्मी का पूजन होगा। साथ ही नवरात्रि के अवसर पर चार अक्तूबर को डांडिया नाइट का भी आयोजन किया जाएगा।

****